कार्यालय, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, जक्खिनी, वाराणसी
बी0एस–सी0 (कृषि) भाग–एक प्रवेश–2021–22

दिनांक– 01.09.2021

आवश्यक सूचना

बी0एस–सी0 (कृषि) भाग– एक (सामान्य वर्ग, दिव्यांग, स्टाफ, स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के आश्रित, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति तथा जन जाति के) के प्रवेशार्थियों की योग्यता सूची(मेरिट लिस्ट) घोषित कर दी गयी है। मेरिट सूची इण्टरमीडिएट विज्ञान वर्ग की परीक्षा में कुल प्राप्तांकों के आधार पर की गयी है। इण्टर कृषि वर्ग के छात्रों के प्राप्तांकों की गणना इण्टर विज्ञान वर्ग के सापेक्ष करने हेतु उनके प्राप्तांकों को आधा कर दिया गया है।

बी0एस–सी कृषि भाग–एक में मात्र 60 छात्रों का नियमानुसार प्रवेश होना है जिसमें से मेरिट सूची में ज्येष्ठता क्रम में ऊपर से सामान्य श्रेणी के 30, अन्य पिछड़ा वर्ग के 16, अनुसूचित जाति के 13 और अनुसूचित जन जाति के 01 छात्र, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग(EWS) के 06 छात्र का प्रवेश होना है। इसके अतिरिक्त प्रवेश विवरणिका एवं आवेदन पत्र में दिये गये निर्देशानुसार महिला तथा दिव्यांग श्रेणी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित आदि के लिए क्षैतिज आरक्षण का भी प्राविधान है। अतः प्रवेशार्थी मेरिट सूची के अनुसार अपनी स्थिति का आकलन स्वतः कर लें और अनाधिकृत प्रवेश हेतु अनावश्यक दबाव न बनायें।

सामान्य वर्ग, दिव्यांग, स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के आश्रित एवं स्टाफ, आर्थिक रूप कमजोर वर्ग(EWS) के प्रवेशार्थियों का प्रवेश दिनांक 07 सितम्बर 2021 को प्रातः 10 बजे से 2.00 बजे तक होगा। अनारक्षित सम्वर्ग में सामान्य श्रेणी व क्षेतिज आरक्षण के छात्रो का प्रवेश दिनांक 07 सितम्बर 2021 को ही सम्पन्न हो जायेगा तथा अनारक्षित सम्वर्ग की सूची के शेष आरक्षित सम्वर्ग (अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति तथा जन जाति) के प्रवेशार्थी दिनांक 08.09.2021 को भी प्रवेश लेने के अर्ह होगें।

अनारक्षित श्रेणी की सीट समाप्त हो जाने पर आरक्षित सम्वर्ग (अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति तथा जन जाति) के प्रवेशार्थियों का प्रवेश दिनांक 08.09.2021 को प्रातः 10 बजे से 2.00 बजे तक सम्पन्न हो जायेगा। प्रवेश तिथि पर अनुपस्थित रहने वाले प्रवेशार्थियों के स्थान पर उसके नीचे वाले प्रवेशार्थी को प्रवेश दे दिया जायेगा।

क्षैतिज आरक्षण सम्वर्ग में ही प्रदान किया जायेगा।

काउंसिलिंग के समय अभ्यार्थी निम्नलिखित मूल प्रमाण–पत्र तथा उसकी एक छायाप्रति साथ में अवश्य लाये।अन्यथा अभ्यर्थन निरस्त हो जाएगा।

- जिन छात्र/छात्राओं का मेरिट सूची में नाम है वह अगर अपनी हार्डकापी संलग्नकों सहित कार्यालय में नही जमा की है तो वह प्रवेश के समय हार्डकापी संलग्नको सहित अवश्य लाये अन्यथा उनका प्रवेश सम्भव नही है।
- फार्म प्राप्ति रसीद व एक पासपोर्ट फोटो।
- चरित्र प्रमाण–पत्र (मूल रूप में) जहाँ से इण्टर उत्तीर्ण हो।
- स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (टी0सी0) मूल रूप में।
- हाईस्कूल अंक पत्र / प्रमाण पत्र मूल रूप में।
- इण्टर अंक पत्र (कृषि के छात्र इण्टर कृषि भाग–एक तथा दो) दोनों परीक्षाओं का साथ लाये।(मूल कापी)
- जाति प्रमाण–पत्र (जनवरी, 2011 के पश्चात् का निर्गत जाति प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा यदि आप जाति प्रमाण–पत्र नही लायेगे तो आपको सामान्य श्रेणी में मान लिया जाएगा।
- ,आनलाइन प्रवेश फार्म में अंकित किये गये अधिमार का मूल प्रमाणपत्र अवश्य लाये।
- क्षैतिज आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण–पत्र / दिव्यांगता का प्रमाण पत्र आदि।
- उ0प्र0 के अलावा अन्य राज्यों के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्गों के छात्रों को सामान्य श्रेणी में रखा गया है।
- जो अभ्यार्थी इण्टरमीडिएट की परीक्षा 2020 में उर्त्तीण हुए है वे प्रवेश के समय हलफनामा की मूल कापी अवश्य लाए अन्यथा प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
- चूकि हार्डकापी के साथ जिन लोगो की नेट की इण्टरमीडिएट की मार्कसीट लगी है जिससे उनका यह सही सिद्ध नहीं हो पा रहा है कि छात्र संस्थागत है या व्यक्तिगत है इस लिए मूल मार्कसीट देखने पर यदि वो व्यक्तिगत छात्र होगा तो प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
- आधार कार्ड की छाया प्रति लाना आवश्यक है।
- वार्षिक शुल्क की राशि
  1. सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र रू0 4634
  2. सभी वर्ग की छात्रा तथा अनुसूचित जाति/जन जाति छात्र रू0 4502

संयोजक(कृषि संकाय प्रवेश)

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
जक्खिनी, वाराणसी

राजकीय महाविद्यालय
जक्खिनी, वाराणसी